State Governments. The modalities for implementation are being worked out by a Committee headed by the Union Education Secretary.

कापीराइट बोर्ड का पुनर्गठन

7488. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कापीराइट बोर्ड का कार्यकाल पूरा हो गया है, यदि हां, तो कब और उसके पुनर्गठन में विलम्ब क्यों हो रहा है; और

(ख) कापीराइट बोर्ड में कितने विवाद कितने समय से लम्बित पड़े हैं, इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए सरकार की क्या योजना है, और इन मामलों को कब तक निपटा दिया जाएगा?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग एवं संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा): (क) कापीराइट बोर्ड का कार्यकाल 31 मार्च, 1994 को समाप्त हो गया है। कापीराइट (संशोधन) अधिनियम, 1994 द्वारा कापीराइट अधिनियम, 1957 में किए गए संशोधनों को दृष्टिगत रखते हुए कापीराइट नियमों को तैयार करने के कारण बोर्ड का पुनर्गठन आस्थगित कर दिया गया था।

(ख) 30 अप्रैल, 1995 को कापीराइट बोर्ड के पास कापीराइट अधिनियम 1957 के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत 109 मामले लंम्बित पड़े हुए थे। लंबित मामलों का वर्ष-वार ब्यौरा इस प्रकार है:—

वर्ष	लंबित मामलों की संख्या
1977	1
1978	1
1979	1
1981	3
1982	1
1984	2
1985	5
1986	8
1987	5
1988	1
1989	6
1990	2
1991	6
1992	13
1993	15
1994	25
1995	14
(30-4-95 तक)	109

बोर्ड के पुनर्गठन के पश्चात देश के विभिन्न संबंधित अंचलों में बोर्ड की बैठकों में इस मामलों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है।

कलाकारों को पेंशन दिया जाना

7489. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा कलाकारों और साहित्यकारों को पेंशन दी जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी शर्तें क्या हैं तथा गत तीन वर्षों में संस्कृति विभाग द्वारा भारतीय भाषाओं के किन-किन साहित्यकारों को पेंशन दी गई?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग एवं संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) जी, हां।

(ख) योजना के अधीन, कलाओं के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे सर्जनात्मक व्यक्ति, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है, जो 58 वर्ष से अधिक आयु के हैं और जिनकी आय 1000/- रुपये प्रति माह से अधिक नहीं है, पृथक रूप से केन्द्रीय और केन्द्रीय राज्य/संघ शासित क्षेत्र कोटे के अधीन वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने हेतु विचार के लिए पात्र हैं। केन्द्रीय कोटा श्रेणी के अधीन चयनित कलाकारों के मामले में 1500/- रुपये प्रति माह की पूरी राशि केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसे कलाकारों को जारी की जाती है। केन्द्रीय राज्य/संघ शासित क्षेत्र कोटा के अधीन चयनित कलाकारों को उपरोक्त सहायता केन्द्र और संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा क्रमशः 2:1 के अनुपात में शेयर की जा रही है। पिछले तीन वर्षों के दौरान साहित्य के क्षेत्र में 1500/- रुपये प्रति माह की दर पर 34 कलाकार यह वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से 13 कलाकार केन्द्रीय राज्य/संघ शासित

क्षेत्र कोटा के अधीन और 21 कलाकार केन्द्रीय कोटा के अंतर्गत हैं जैसा कि संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

केन्द्रीय राज्य/संघ शासित क्षेत्र कोटा

1. श्री अरुण मित्रा
2. श्री बी॰ मुखोपाध्याय
3. श्री इमतिसुबोंग अयमर
4. श्रीमती नुचहुंगी
5. श्री खजाल कुंगी
6. श्री के॰ राजनारायणन
7. श्री कुमार बी॰ कोईलूस्कर
8. श्री रोचनारायण
9. डा॰ के॰ एस॰ नरसिम्हास्वामी
10. श्री बी॰ बापूराव विखूते
11. श्री एन॰ पी॰ सुकुमारण
12. श्री दुबागुन्त नारायण राव
13. श्री बालमुकुन्द पटनायक

केन्द्रीय कोटा

1. श्री जगन्नाथ आयन्गर सदागोपन
2. श्री हरिकिशन
3. श्री नजीर बनारसी
4. श्री प्रेम प्रकाश
5. श्रीमती अल्का बक्सी
6. श्री परेशचन्द्र चक्रवर्ती
7. श्री विश्वनाथ मुखर्जी
8. श्री रामदुग्ग सुन्दरम
9. श्री एम॰ एन॰ गोविन्दन नायर
10. श्री गंगा प्रसाद मिश्र
11. श्रीमती मालती एम॰ नायर
12. श्री वहीद अनवर
13. पंडित सी॰ बी॰ जोसफ
14. श्री लीलाधर दुखी
15. श्री भाऊ पाध्ये
16. श्री एम॰ दत्तात्रेय शर्मा
17. श्री बी॰ के॰ एन॰ कुट्टी नायर
18. श्री पी॰ सी॰ देवासिया
19. श्री पंचानन
20. डा॰ बच्चन सिंह
21. श्री रहीम शॉ पुष्प

National Games, 1996

7490. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what is the total financial outlay for holding the National Games at Bangalore during 1996;

(b) what is the infrastructures like stadia, accommodation for sportsman, etc. that are being created at Bangalore and the .total cost envisaged for that purposes; and

(c) the manner in which the cost of developing the infrastructure is going to be met and what is the contribution for this purpose by the Central Government and the State Gvoernment?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS) (SHRI MUKUL WASNIK): (a) As per the information received from Government of Karnataka the estimated financial outlay for holding the National Games at Bangalore and Mysore is as follows:—

(i) Development of Infrastructure—Rs. 60 crores.

(ii) Conduct of Games—Rs. 10 crores.

(b) The following Infrastrucutura! facilities are being created:—

(i) Upgradation and expansion of the outdoor Stadium at Bangalore with synthetic track and other facilities of International standards;

(2) Two new Indoor Stadia at Bangalore with seating capacities of 4500 and 2000 and one new Indoor Stadium at Mysore with seating capacity of 3000 with all facilities of International standards;

(3) Upgradation and expansion of the Hockey-Stadium with provision of Artificial Turf and other facilities;